कथा सरिता



संघर्ष से मिलती है उड़ान

एक बार एक व्यक्ति को टहलते हुए अपने बाग में किसी टहनी से लटकता हुआ एक तितली का कोकून दिखाई पड़ा। अब हर रोज वह व्यक्ति उसे देखने लगा और एक दिन उसने देखा कि उस कोकून में एक छोटा-सा छेद बन गया है। उस दिन वह वहीं बैठ गया और घंटों उसे देखता रहा। उसने देखा कि तितली उस खोल से बाहर निकलने की बहुत कोशिश कर रही है, पर बहुत देर तक प्रयास करने के बाद भी वो उस छेद से नहीं निकल पाई और फिर वो बिलकुल शांत हो गई, मानो उसने हार मान ली हो। उस व्यक्ति ने उस तितली की मदद करने के उद्देश्य से कोकून के सुराख को इतना बड़ा कर दिया कि वो तितली सरलतापूर्वक बाहर निकल सके।

यही हुआ। तितली बिना किसी संघर्ष के आसानी से बाहर निकल आई, पर उसका शरीर सूजा हुआ था और पंख सूखे हुए थे। वह व्यक्ति यह सोचकर तितली को देखता रहा कि वह किसी भी समय पंख फैलाकर उड़ेगी। पर बेचारी तितली कभी उड़ नहीं पाई और उसे अपनी बाकी जिंदगी इधर-उधर घिसटते हुए ही बितानी पड़ी।

दरअसल, वह व्यक्ति अपनी दया और जल्दबाजी में यह नहीं समझ पाया कि कोकून से निकलने की प्रक्रिया को प्रकृति ने इतना कठिन इसलिए बनाया है, ताकि ऐसा करने से तितली के शरीर में मौजूद तरल पदार्थ उसके पंखों में पहुंच सके और वो छेद से बाहर निकलते ही उड़ सके।

वास्तव में कभी-कभी हमारे जीवन में संघर्ष ही वह चीज होती है, जो हमें मजबूत बनाती है। यदि हम बिना संघर्ष के सब कुछ पा लेंगे तो अपंग हो जाएंगे, हमारी शक्तियों का विकास नहीं हो पाएगा।

शिक्षा: जीवन में संघर्ष ही हमें मजबूत बनाता है और सफलता की उड़ान देता है।

दुमका-झारखंड। ओम शांति भवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सात दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह के दौरान प्रतिभागी बच्चों को उनकी सक्रिय सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट करने के साथ समूह चित्र में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका एवं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. जयमाला, ब्र.कु. रेखा, अमर कुमार, अंचलाधिकारी, सर्किल ऑफिसर, डॉ. किरण, वैज्ञानिक, डॉ. मनोज कुमार घोष, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव, अर्चना राज, नन्हे कदम स्कूल की निदेशक, समाजसेवी राजू अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

बरेली-उ.प्र.। नवदशकोत्सव कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के दौरान आई.एम.ए. संयुक्त सचिव डॉ. विमल भारद्वाज, राजश्री मेडिकल कॉलेज चेयरपर्सन मोनिका अग्रवाल, चंद्रकांती हॉस्पिटल ओनर डॉ. मुनीष अग्रवाल, बरेली क्षेत्र संचालिका ब्र.कु. पार्वती दीदी, ब्र.कु. चंद्रावती, ब्र.कु. नीता, ब्र.कु. रजनी, ब्र.कु. पारुल तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों की उपस्थिति रही।

जमशेदपुर-मधुपुर(झारखंड)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कोल्हान क्षेत्र की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्र.कु. अंजू दीदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में स्थानीय छोटी अंची देवी बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे ब्र.कु. महेश, कोलकाता, ब्र.कु. पायल व ब्र.कु. प्रियंका, जमशेदपुर, ब्र.कु. सरिता, ब्र.कु. स्नेहलता व ब्र.कु. पूनम, मधुपुर।

रुड़की-उत्तराखंड। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए पूर्व पीडब्ल्यूडी कमलेश शर्मा, डॉ. आदेश शर्मा, ब्र.कु. इंदु, ब्र.कु. गीता एवं ब्र.कु. दीपिका।

सीता राम बाजार-दिल्ली। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र पर आयोजित त्रि-दिवसीय समर कैंप में सम्बोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के सदस्य अजय सूद। साथ हैं ब्र.कु. सुनीता एवं बच्चे।

समस्तीपुर-बिहार। डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं डॉ. श्रीमती मिश्रा के सेवाकेन्द्र आगमन पर परमात्म परिचय देने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. सविता एवं ब्र.कु. कृष्णा।

अस्का-ओडिशा। राजयोगी ब्र.कु. जगदीश भाईजी के 25वें स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए राज्यपाल पुरस्कृत प्राप्त शिक्षक ए. युधिष्ठिर दोरा, शिक्षक प्रदीप कुमार राउत, समाजसेवी दुर्गा प्रसाद पण्डा, डेप्युटी पोस्ट मास्टर महाकाल नायक तथा ब्र.कु. प्रभाती।

आशुतोष मुखर्जी रोड-प.बंगाल। राज्यपाल आर.एन. रवि से स्नेह भरी मुलाकात कर उन्हें संस्थान की गतिविधियों के बारे में अवगत कराने पश्चात् ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पूर्वी जोन मुख्यालय, कोलकाता संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी। साथ हैं कोलकाता म्यूजियम की सीनियर राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. अंजलि, ब्र.कु. आई.एस.सिंह, ब्र.कु. सुप्रिया, माउंट आबू तथा अन्य।

श्री हरगोबिंदपुर-पंजाब। होशियारपुर जिला के अंतर्गत हल्का टांडा में एक समागम के दौरान पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात कर ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए टांडा सेवाकेन्द्र की ब्र.कु. पूजा, ब्र.कु. जास्किरत, ब्र.कु. राकेश तथा ब्र.कु. अमृतलाल। मौके पर उपस्थित रहे कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह, होशियारपुर विधायक ब्रह्म शंकर जिम्पा, टांडा पुलिस के डीएसपी नरेंद्र सिंह बाजवा तथा अन्य।

गुरुग्राम-ओआरसी(हरियाणा)। ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह के तहत 'मदर नेचर' अभियान के शुभारम्भ दौरान सम्बोधित करते हुए भोरा कलां सरपंच मनबीर सिंह चौहान। मौके पर उपस्थित रहे वर्तमान लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा, 'ट्री मैन' के नाम से विख्यात एवं कल्पतरु संस्थान के संस्थापक विष्णु लांबा, ओआरसी निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. साधना दीदी, दिल्ली, किंग्सवे कैंप, जिला पार्षद अंजू शर्मा, एसएससी स्कूल ग्रुप के अध्यक्ष कृष्ण कुमार भारद्वाज, ब्र.कु. मोनिका, ब्र.कु. हुसैन, स्कूली बच्चे एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तिगण।

आगरा-आर्ट गैलरी म्यूजियम(उ.प्र.)। मातृ दिवस के अवसर पर मातृ शक्तियों को सम्मानित करने के पश्चात् समूह चित्र में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मधु बहन, ब्र.कु. माला, ब्र.कु. संगीता एवं ब्र.कु. गीता।

गुरुग्राम-से.63ए(हरियाणा)। मातृ दिवस के अवसर पर माताओं के सम्मान और आध्यात्मिक महत्व को उजागर करने हेतु आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करने के पश्चात् समूह चित्र में सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुदेश तथा अन्य।

परबतसर-राज.। विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहे विकास समिति सेक्रेटरी वासुदेव लड्ढा, प्रजापत समाज अध्यक्ष प्रकाश चंद मारोठिया, ब्र.कु. शानू, ब्र.कु. रेशु तथा अन्य।